**17/04**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा में आज संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा फिर से शुरू हुई। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। इस पर चर्चा जारी है।

0000000000000000000000

नामित सदस्य हरिवंश को लगातार तीसरी बार राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित किया गया है। वे निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने हरिवंश को उच्च सदन का उपसभापति चुनने का प्रस्ताव रखा। हरिवंश का कार्यकाल इस महीने की 9 तारीख को समाप्त होने के बाद यह पद रिक्त था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई सीट के बाद उन्हें सदन के लिए नामित किया था।

0000000000000000000000

अरुणाचल डेलिमिटेशन डिमांड कमेटी (ADDC) के संयोजक पूर्व सांसद ताकाम संजोय ने केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और भारत के परिसीमन आयोग से अनुरोध किया है कि अरुणाचल प्रदेश के परिसीमन

के आधार के रूप में रणनीतिक महत्व, विशाल भौगोलिक स्थिति और विधानसभा एवं लोकसभा सीटों में तैतीस प्रतिशत महिला आरक्षण को अधिक महत्व दिया जाए। हाल ही में गठित इस समिति ने संविधान में संशोधन की मांग करते हुए पांच लोकसभा सीटें, दो राज्यसभा सीटें और वर्तमान साठ विधानसभा सीटों को बढ़ाकर नब्बे करने का प्रस्ताव रखा। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि प्रस्तावित पांच संसदीय क्षेत्रों का नाम पांच प्रमुख नदियों कामेङ, सुबनसिरी, सियाङ, लोहित और तिराप के नाम पर रखा जाए।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज ईटानगर में आयोजित एक समारोह में अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (APSSB) द्वारा आयोजित संयुक्त माध्यमिक स्तरीय परीक्षा (CSLE) 2025 के चार सौ इक्सठ सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया और उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस परीक्षा में कुल सैतालीस हज़ार एक सौ बत्तीस अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो छब्बीस विभागों के Group C और Group D पदों के लिए आयोजित की गई थी, जिससे चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धी रही। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता को दिया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख फुटबॉल रेफरी संगाम कायांग को I-League तीन में रेफरी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो आगामी सत्ताइस अप्रैल से इंफाल में शुरू होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने कुल आठ रेफरी और आठ सहायक रेफरी चुने हैं, जिनमें संगाम कायांग भी शामिल हैं। वे अरुणाचल प्रदेश के पहले राष्ट्रीय रेफरी हैं और ईस्ट कामेंग जिले के चायांग ताजो सर्कल के तहत कायांग गांव के निवासी हैं। उन्हें क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट्स में रेफरी के रूप में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

0000000000000000000000

सरकार ने आज कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। नई दिल्ली में एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और देशभर के वितरकों पर कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि अब लगभग अट्ठानबे प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन की जा रही हैं, जबकि तीरानबे प्रतिशत डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड प्रणाली के माध्यम से सत्यापित की जा रही हैं। वाणिज्यिक क्षेत्र में आपूर्ति बहाली लगभग सत्तर प्रतिशत तक पहुंच गई है और कल करीब आठ हज़ार दो सौ टन वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हुई।

0000000000000000000000

पासीघाट में गुरुवार को एच-स्प्रिंग फाउंडेशन परिसर में आयोजित एक चिकित्सा शिविर के दौरान विशेष आवश्यकता वाले कुल चौबीस बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (UDID) के लिए पंजीक्रित किया गया। शिविर का आयोजन एच-स्प्रिंग फाउंडेशन ने ईस्ट सियांग जिले के जिला प्रशासन के सहयोग से किया था। विभिन्न जिलों से कई अभिभावक अपने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मूल्यांकन के लिए लेकर पहुंचे।

0000000000000000000000

दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र यानी सोशियोलॉजी विभाग ने ग्रीन बीज़ क्लब की पहल के तहत अपने परिसर को आधिकारिक रूप से प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया है। पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए एकल-उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया गया है और उल्लंघन करने पर 50 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के बीच सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (PM-NAPS) और SAPS, आईटीआई स्नातकों के लिए मुख्यमंत्री सॉफ्ट लोन योजना तथा विदेशी भाषा कोचिंग कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में

अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने के विषय पर आज ईटानगर में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री न्यातो दुकाम और तेजू के विधायक सह सलाहकार डॉ. मोहित चाई ने भाग लिया।

0000000000000000000000